Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में परिवहन विभाग के निरीक्षक के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में 6 ठिकानों पर छापे**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *04 सितम्बर, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर आज ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा जयपुर में कार्यवाही करते हुये **सुरेन्द्र सिंह चौहान, मोटर वाहन निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, सिरोही** के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में आरोपी के जयपुर एवं सिरोही स्थित 6 विभिन्न ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय शिकायत प्राप्त हुई थी कि **सुरेन्द्र सिंह चौहान, मोटर वाहन निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, सिरोही** द्वारा अपने एवं अपने परिजनों के नाम से भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अपनी वैध आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित की गई है, जिनकी बाजार कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है।

उक्त शिकायत का ए.सी.बी. की **इन्टेजिलेन्स शाखा** द्वारा शिकायत का गोपनीय सत्यापन किया जाकर **आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित का मामला** बनना पाये जाने पर **प्रकरण** दर्ज किया गया। एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की विशेष अनुसंधान विंग (एस.आई.डब्ल्यू.) इकाई, जयपुर के **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेन्द्र पंचौली, अनुसंधान अधिकारी** के नेतृत्व में सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त किया जाकर ए.सी.बी की विभिन्न टीमों के साथ, आज अलसुबह आरोपी के जयपुर एवं सिरोही स्थित **6 विभिन्न ठिकानों** पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

आरोपी सुरेन्द्र सिंह चौहान के जयपुर स्थित आवास की तलाशी में **5 आवासीय/व्यावसायिक भूखण्डों के दस्तावेज (जिनमें मालपुरा टोंक में करीब 48 लाख रुपये कीमत की 8 बीघा कृषि भूमि, अम्बाबाड़ी शॉपिंग सेंटर में पाँच मंजिला व्यावसायिक परिसर प्रमुख हैं), करीब 6 लाख रुपये मूल्य के 30 किसान विकास पत्र, एफडीआर, लगभग 5.50 लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण एवं वाहन** मिले हैं। इसके अतिरिक्त **1 बैंक लॉकर एवं 9 बैंक खाते** तथा **विदेश यात्राओं से संबंधित दस्तावेजात** भी मिले हैं। ब्यूरो के प्राथमिक आकलन, प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अब तक मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी सुरेन्द्र सिंह चौहान द्वारा करोड़ों रुपये की बाजार कीमत की अनेक परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है, जो उनकी **वैध आय से आनुपातिक रूप से कहीं अधिक** है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। मामले में ए.सी.बी द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135—02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**